डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 30 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 07 नवम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया




## लापरवाही बरतने पर आरटीओ को कारण बताओं सूचना पत्र जारी

**नीमच, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन व्दारा आर.टी.ओ.श्री नंदलाल गामड़ को निर्वाचन कर्तव्यों के निवर्हन में घोर लापरवाही एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-143 के अंतर्गत पदीय कर्तव्यों का भंग तथा म.प्र. सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 के उल्लंघन पर कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है, कि उक्त कृत्य के फलस्वरूप क्यों न उनके विरूद्ध योग्य वैधानिक कार्यवाही हेतु वरिष्ठको प्रतिवेदन प्रेषित किया जावे? इस संबंध में आरटीओ को अपना स्पष्टीकरण सूचना पत्र की प्राप्त के तत्काल पश्चात समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है, कि आरटीओ नीमच 17 नवम्बर तक अपने स्टॉफ सहित जिला निर्वाचन कार्यालय में उपस्थित रहकर, कार्यालयीन कार्य संपादित करेंगे। अनुपस्थिति अथवा जवाब प्रस्तुत न करने की दशा में एक पक्षीय वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

# मुस्लिम वोटर प्रभावित सीटें : मंदसौर में 25 प्रश तो जावरा 19 प्रश प्रभाव



**मंदसौर, 6 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर सहित प्रदेश में चुनावी माहौल चरम पर है। सभी राजनीतिक दलों ने जातियों के हिसाब से जोड़-बाकी भी कर लिया और उसी हिसाब से कई जगहों पर निर्दलीय उम्मीदवार के साथ बसपा और सपा भी मैदान में है। इस जातिगत गणित का चौकाने वाला तथ्य यह है कि प्रदेश की 230 में से 49 सीटों पर मुस्लिम वोटर प्रभावी तो हैं। लेकिन, भाजपा इनमें से पिछले चुनाव में 30 सीटों पर भारी रही थी। मतलब इन सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है। अब बात करें सिर्फ संसदीय क्षेत्र की तो यहां पर मंदसौर सीट और जावरा सीट मुस्लिम वोटर प्रभावित है। इन सीटों पर दोनों ही दल मुस्लिम नेताओं को टिकीट देने में पीछे रहे हैं। जबकि, मुस्लिम वोटरों का झुकाव कांग्रेस की तरफ ही रहा है।

### सिर्फ नाम का कांग्रेस वोट बैंक...

मंदसौर विधान सभा क्षेत्र से अब तक कांग्रेस ने किसी मुस्लिम को टिकीट नहीं दिया। यहां भाजपा 14 चुनाव में से 8 बार विजयी हुई है। राजनीति की भाषा में मुस्लिम वर्ग कांग्रेस का वोट बैंक कहा जाता है। मंदसौर विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी ने इस वर्ग के वोटों की मदद से अपने उम्मीदवारों को 6 बार विधानसभा पहुंचाया है। इसके बावजूद अब तक कांग्रेस ने किसी मुस्लिम को विधानसभा का टिकट नहीं दिया। ऐसा भी नहीं है कि यहां मुस्लिम नेतृत्व का संकट रहा हो। कालांतर में ऐसे चेहरे सामने आते रहे, जिन पर विधानसभा चुनाव में दांव लगाया जा सकता था। लेकिन, पार्टी ने उन्हें तवज्ज़ो नहीं दी। किसी जमाने में कांग्रेस के बड़े नेताओं में शुमार पयाम वासिफ को पार्टी ने बतौर विस उम्मीदवार नहीं आजमाया। डॉ. हफीज अब्दुल हई का नाम तो पैनल में दिल्ली तक जाता था। लेकिन, टिकट श्याम सुंदर पाटीदार को ही मिलती रही। इसी तरह जनपद अध्यक्ष रहे अहमद हुसैन और अंजुमन इस्लाम के सदर रहे उस्मान सेठ ने भी अपनी उम्मीदवारी का इंतजार करते जीवन बिता दिया।

**अभी भी मुस्लिम नेताओं को मौके का इंतजार**

### नपा में प्रयोग हुआ असफल...

विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम वोटरों के महत्व को कांग्रेस ने देर से ही सही, लेकिन समझा। वर्ष 2011 में नगर पलिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए रफत पयामी को टिकट दिया। हांलाकि पयामी चुनाव तो नहीं जीत पाई, लेकिन भाजपा को कड़ी टक्कर देकर अपनी दमदार उपस्थिति से सबको चौंका दिया। जानकारों का मानना है कि नपा चुनाव में बीजेपी का दबदबा लंबे समय से है। ऐसी स्थिति में नपा की बजाय विस में मुस्लिम उम्मीदवार को आजमाने पर कांग्रेस सकारात्मक परिणाम की उम्मीद कर सकती है।

# विस चुनाव: टोपी-पोस्टर और गमछा हुए पुराने

**परंपरागत प्रचार सामग्री की बिक्री 50 प्रतिशत घटी**

**मंदसौर, 6 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा चुनाव में 10 दिन का समय बचा है। इसके बावजूद चुनाव प्रचार की सामग्री का बाजार ठंडा पड़ा हुआ है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि सोशल मीडिया के दौर में प्रचार-प्रसार, फोटो और वीडियो के माध्यम से बहुत तेजी से किया जा रहा है। लिहाजा, बैनर-पोस्टर के उपयोग में पहले के मुकाबले काफी कमी आई है।

इसके अलावा प्रत्याशियों के नाम घोषित करने में देरी और चुनाव आयोग की सख्ती भी एक मुख्य कारण है। व्यापारियों का कहना है कि पहले के मुकाबले बिक्री में 50 प्रतिशत से भी ज्यादा की कमी आई है। एक व्यापारी ने बताया कि सिर्फ मंदसौर जिले में 2013 में उनका व्यापार लगभग दस लाख का हुआ था। 2018 में भी पांच लाख के आसपास हुआ था परंतु इस बार इससे भी कम होने की संभावना दिख रही है।

### यहां बनती है चुनाव सामग्री...

गमछा, टी-शर्ट, पटका व झंडे गुजरात के अहमदाबाद और सूरत में तथा टोपियां, बैज, मफलर, छतरी, स्टिकर, मुखौटा आदि दिल्ली, हरियाणा, लखनऊ और मथुरा में बनते हैं।

### पार्टियां खुद दे रहीं चुनाव सामग्री...

आजकल पार्टियां खुद कार्यालयों से भी सामग्री प्रत्याशियों को उपलब्ध



कराने लगी है। दल बड़े स्तर पर दिल्ली-लखनऊ की बड़ी कंपनियों को ऑर्डर दे देते हैं। इससे दुकानदारों पर बड़ा असर पड़ता है। बीजेपी इस काम में कांग्रेस के मुकाबले बहुत आगे है।

### तीन गुना बढ़े सोश्यल मीडिया यूजर्स...

इस बार राजनीतिक पार्टियों का अधिक ध्यान सोशल मीडिया पर इसलिए भी है क्योंकि 2018 के मुकाबले 2023 में सोशल मीडिया इस्तेमाल करने वालों की संख्या में 3 गुना बढ़ोतरी हुई है। पहले कुल जनसंख्या में से 19 प्रतिशत लोग ही सोशल मीडिया पर थे। लेकिन, अब यह आंकड़ा 60 प्रश तक पहुंच चुका है।

## दो लोगों को थाना उपस्थिति के आदेश

**मंदसौर, 6 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 03 (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दो व्यक्तियों को संबंधित थाने में उपस्थिति देने का आदेश जारी किया है।

जिसमें हेमराज पिता गोरीलाल उर्फ गोरू बंजारा निवासी ग्राम ढाबा थाना गरोठ एवं नानकिया उर्फ नानालाल पिता घीसालाल बावरी निवासी काचरिया थाना पिपलियामंडी जिला मंदसौर शामिल है। कलेक्टर श्री यादव ने आदेशित किया है, कि ये तीन माह तक प्रति माह की 1 एवं 16 तारीख को संबंधित पुलिस थाना में उपस्थिति देकर यह सुनिश्चित कराये की वह किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में संलग्न नहीं है।

# बगैर अभ्यास प्रचार पर निकलना पड़ रहा महंगा

## जनसंपर्क व सभा के तत्काल बाद अपलोड होते फोटो-वीडियो

**मंदसौर, 6 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दीपपर्व की तैयारी में लगे वोटरो की व्यस्तता और चुनाव में कम समय होने के चलते प्रचार भी टारगेट आधारित हो गया है। चुनाव प्रचार के दौरान समय की बचत के लिए नेताजी अपने साथ कैमरामैन व वीडियोग्राफर लेकर चल रहे हैं। किसी भी गली में जनसम्पर्क के बाद तत्काल फ़ोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए जा रहे हैं। इसके लिए कार्यालय में आईटी प्रोफेशनल भी तैनात किए गए है, जो वीडियो और फोटो को एडिट कर तत्काल सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों में वायरल कर रहे हैं। इसके अलावा विपक्षी दल के समर्थकों की निगाहे भी जनसंपर्क के दौरान नेताजी पर होती है। यही कारण है कि अब नेताओं के लिए बोलने का अभ्यास करके घर से निकलना जरुरी हो गया है। हाल ही में मुल्तानपुरा में दिया गया पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल का बयान चर्चाओं में है। इसके अलावा कई उदाहरण है, जहां नेताजी कई बार फंस रहे हैं। विशेषकर अनुभवहीन नेताओं को तो प्रेक्टिस करके जनसंपर्क के लिए निकलना जरुरी हो रहा है।

हालत यह है कि सोशल साइटों पर प्रचार अभियान की सामग्री की भरमार है। हर दिन हर प्रत्याशी की 20 से अधिक पोस्ट आ रही है। उन पर



कमेंट करने वालों पर भी पूरी नजर रखी जा रही है। ताकि कोई निगेटिव लिखने वाला नजर आए तो उसे देख और मैनेज कर सकें। सतर्कता की स्थिति यह है कि जैसे ही विरोधी कमेंट आते हैं, नेताजी की आर्मी उस पर टूट पड़ती है। फोटो और वीडियो में सहज दिखने की कोशिश हो रही है। इसका फायदा कुछ वोटर भी उठाने की कोशिश करते हैं और चिपक ही जाते हैं। बता दें कि चुनाव प्रचार के लिए अब प्रत्याशियों के पास ज्यादा समय नहीं रह गया है। ऐसे में बीच में दीपावली का 5 दिवसीय त्यौहार भी है। आम जनता त्यौहार के बीच में राजनीतिक शोरगुल पसंद नहीं करती है। इसमें उन उम्मीदवारों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिनकी टिकट बाद में फाइनल हुई है। ऐसे में विधानसभा को पूरा कवर करना सभी के लिए चुनौती है।

### बैठकों पर ध्यान...

गली-गली प्रचार की बजाय नेताजी मोहल्लों में सामूहिक बैठकों पर जोर दे रहे हैं। हर मोहल्ले में अपने खास व्यक्ति के घर या संस्थान में बैठकों का दौर चल रहा है। इन बैठकों में मौजूद लोगों को साधने की कोशिश की जा रही है। बैठकों के अपडेट भी सोशल मीडिया पर तत्काल किये जा रहे हैं।

### सोश्यल मीडिया पर भी मुकाबला...

जमीन के साथ सोशल मीडिया पर भी लड़ी जा रही चुनावी जंग में कोई प्रत्याशी पिछड़ना नहीं चाहता है। इसलिए जवाबी मुकाबले के लिए भी टीमे तैनात की गई है। हालांकि पार्टी के कई समर्पित कार्यकर्ता भी इस काम में लगे हुए हैं। लेकिन, आईटी पेशेवर जल्दी ही भांप लेते हैं कि प्रतिद्वंदी की कौन सी पोस्ट वायरल हो रही है और उसमें जुड़ने वाले लोग कौन हैं। इसके जवाब में कोई न कोई नई पोस्ट आ जाती है।



# गुरुवार से 11 दिनों तक बंद रहेगी कृषि मंडी

## दीपावली एवं विधानसभा चुनाव के कारण मंडी में लंबी छुट्टियां

**मंदसौर, 6 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दो दिन और इसके बाद कृषि उपज मंडी में सीधे 11 दिन की छुट्टी रहेगी। कृषि उपज मंडी में दीपावली पर्व एवं विधानसभा चुनाव के चलते 9 नवंबर से 11 दिनों तक छुट्टी रहेगी। अब मंडी 7 व 8 नवंबर को खुलेगी। लंबी छुट्टियों को देखते हुए किसान बड़ी मात्रा उपज लेकर आ रहे हैं। सोमवार को मंडी में कृषि उपज की बंपर आवक हुई। सर्वाधिक आवक लहसून की हो रही है। छुट्टियों के दौरान मंडी में किसानों को परेशानी न हो, इसके लिए मंडी समिति ने निर्णय लिया है की लहसुन की अत्यधिक आवक होने के कारण लहसुन का प्रवेश मंगलवार 7 नवंबर की रात 9 बजे तक दिया जाएगा। ताकि उपज लेकर आए सभी किसानों की उपज 9 नवंबर से पहले बिक सकें और सभी किसान घर लौट जाएं। छुट्टियों से पहले मंडी में आवक बढ़ गई है। अब दो दिनो तक मंडी में उपज की बंपर आवक का अनुमान है। 9 नवंबर से 19 नवंबर तक मंडी में अवकाश रहेगा। इसको देखते हुए त्यौहारी खरीदारी के लिये किसान उपज बेच रहे है। इससे बाजार में भी उत्साह है।

बताया जा रहा है कि कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय के अनुसार 9 से 15 नवंबर तक दीपावली पर्व का अवकाश रहेगा। इसके बाद 16 से 18 नवंबर तक मंडी कर्मचारियों की विधानसभा चुनाव में ड्यूटी लगने के कारण मंडी में अवकाश रहेगा। 19 नवंबर को रविवार होने से मंडी में अवकाश रहेगा। आठ नवंबर के बाद मंडी सीधे 20 नवंबर को ही खुलेगी। मंडी कार्यालय के अनुसार लहसुन की अधिक आवक होने से लहसुन का प्रवेश 7 नवंबर की रात 9 बजे तक ही दिया जाएगा।

मंदसौर मंडी सचिव पर्वतसिंह सिसौदिया ने बताया कि मंडी में 9 से 19 नवंबर तक अवकाश रहेगा। दीपावली पर्व एवं विधानसभा चुनाव में मंडी कर्मचारियों की ड्यूटी लगने के कारण मंडी में 11 दिनों तक अवकाश रहेगा। लहसुन की अधिक आवक हो रही है, इसी को देखते हुए निर्णय लिया है की मंडी में लहसुन का प्रवेश 7 नवंबर की रात 9 बजे तक ही दिया जाएगा। ताकि सभी किसानों की उपज 8 नवंबर तक बिक सके और छुट्टियों से पहले सभी किसान अपने घर लौट सके।

# पिपलिया मंडी मुनीम लूटकांड: नहीं मिला भय्यू

## दो लाख 90 हजार रूपए भय्यू के पास, पुलिस कर रही घेराबंदी

**पिपलिया मंडी, 6 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंडी व्यापारी के मुनीम से 38 लाख से अधिक की नगदी लूटने वाले दो आरोपियो को पकड़ने के बाद भी तीसरे आरोपी भय्यू की पुलिस को तलाश है। लूट के माल में से 2 लाख 90 हजार रूपए उसके पास है। हालांकि, पुलिस ने उसकी तलाश में उसके घर आलोट में दबिश दी। लेकिन वो नहीं मिला। अब पुलिस की ओर से संदिग्ध जगह पर दबिशें दी गई है।

**यह है मामला–** पिपलिया मंडी आईसीआईसीआई बैंक के बाहर मंडी व्यापारी रूपचंद होतवानी के मुनीम पर हमला कर बाइक सवार बदमाशों ने 38 लाख 90 हजार रूपए से भरा बैग लूट लिया था। घटना के बाद पुलिस ने अरबाज पिता साबिर पठान निवासी नाहर सैयद रोड़ को पकड़ा। सख्ती से पूछताछ करने पर अरबाज ने बताया कि बाइक चालक भय्यू उर्फ मुबारिक खां पिता नूर मोहम्मद निवासी मेवाती मोहल्ला विक्रमगढ़ आलोट के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। वारदात को अंजाम देने के लिए मंडी व्यापारी के यहां काम करने वाले हम्माल असलम पिता आबिद मेव निवासी खानपुरा मंदसौर के साथ योजना बनाई थी। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी असलम और अरबाज के कब्जे से 36 लाख रूपए नगदी बरामद कर चुकी है। जबकि, 2 लाख 90 हजार रूपए की राशि भय्यू के कब्जे से बरामद करना है।




**धन कुबेर–** धनतेरस पर शहर के अतिप्राचीन धोरागढ़ महादेव मंदिर में स्थित धन के देवता कुबेर की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओ की भारी भीड़ उमड़ेगी। पर्व को देखते हुए मंदिर की साजसज्जा की जा रही है।

# कांग्रेस कैसे चुनाव लड़ रही है और भाजपा कैसे लड़वा रही है, वही जानती है..!



चन्द्रमोहन भगत

**मंदसौर, 6 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला हो रहा है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है तो कांग्रेस का आकार सिमटता जा रहा है। वर्तमान में इतना सिमटा हुआ है कि विपक्ष के इंडिया समूह में भी सपा के अखिलेश यादव तो कांग्रेस को आंख दिखा रहे हैं, वहीं आप पार्टी के केजरीवाल दबाव में लेने का प्रयास कर रहे हा। ऐसा तभी होता है जब कोई राजनीतिक दल अपनी जनसाख को खोने लगता है। वर्तमान में हो रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव कांग्रेस के लिए बहुत ही उपयोगी और जनसाख वृद्धि कारक नजर आ रहे हैं। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है की बढ़ती महंगाई और जनमत में भाजपा सरकारों के प्रति नकारात्मक बनते वातावरण का लाभ भाजपा विरोधी कांग्रेस को मिलेगा। मिल भी सकता है पर जैसा कि सार्वजनिक राजनीतिक दृश्य सभी को नजर आ रहा है कि कांग्रेस कैसे चुनाव लड़ रही है !

कांग्रेस के प्रत्याशियों को संगठन की तरफ से मदद नाम मात्र की मिल रही है। जबकि, भाजपा अपने प्रत्याशियों को भरपूर प्रचार सामग्री पहुंचा रही है। इस तरह के राजनीतिक वातावरण में यह स्पष्ट लग रहा है कि कांग्रेस में अनुभवी प्रत्याशी जो पहले चुनाव लड़े और विधायक बने हैं, वह अनुभव के कारण भाजपा प्रत्याशी को टक्कर देते नजर आ रहे हैं। और जो पहली बार प्रत्याशी बने उनके साथ अगर संगठन का अनुभवी कार्यकर्ता ईमानदारी से साथ रहा तो ही प्रतिस्पर्धी के रूप में नजर आएगा, वरन सिर्फ मैदान में कांग्रेस का चिन्हित प्रत्याशी बना रहेगा। यह हालत तो कांग्रेस के नए प्रत्याशियों की हैं और पुराने अनुभवियों में से जो प्रत्याशी बन मैदान में है। उनमें वही प्रत्याशी भाजपाई प्रत्याशियों के सामने अपना परचम लहरा पाएंगे, जहां भाजपा प्रत्याशी कमजोर होगा और जनमत भी उससे नाराज होगा।

चुनाव आयोग की प्रचार संहिता भी अहम भूमिका निभा रही है। इस चुनाव में प्रत्याशियों के लिए अखबारों में छपने वाली अति प्रशंसा पेड खबर कहलाएगी वहीं किसी प्रत्याशी की अति आलोचना भी जिससे प्रतिस्पर्धी प्रत्याशी को लाभ मिलेगा, पेड न्यूज़ कहलाएगी। यही कारण है कि मतदान को मात्र 10 दिन बचे हैं और अखबारों में चुनावी माहौल जैसा शोर नहीं देखा जा रहा है। टीवी मीडिया के सर्वे, फील्ड सर्वे, प्रिंट मीडिया के सर्वे, ई सर्वे भी अभी तक माहौल को गर्म नहीं पाए हैं। ऐसे सभी सर्वे में भी भाजपा संगठन ने अपनी भूमिका निभाते हुए भाजपा को अग्रणी बनाए रखा है।

इसके अलावा प्रचार कर रहे कार्यकर्ताओं को भी जैसे विशेषज्ञों द्वारा तैयार किया गया हो, इसके उलट कांग्रेस प्रत्याशी के साथ जनसंपर्क कर रहे पदाधिकारी की बेकाबू भाषा और तुष्टिकरण का सतही प्रदर्शन भी प्रत्याशी को हरवाने की भूमिका निभाते नजर आए हैं। ऐसे कुछ कारणों ने चुनाव प्रचार के दौरान ही भाजपा की जनसाख का ग्राफ ऊपर उठाया है। इधर समय घटता जा रहा है संपर्क भी छूटता जा रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी के साथी कांग्रेस विधायक के स्थान पर खुद को भावी चुनाव प्रत्याशी की हैसियत से जनसंपर्क में केंद्रित कर प्रचार कर रहे हैं। देखते हैं उंट किस करवट बैठता है।

# मल्हारगढ़ : जगदीश को मतदाताओं पर भरोसा, फिर लहराएगा कमल का परचम



**मल्हारगढ़, 6 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले की मल्हारगढ़ विधानसभा सीट पर भाजपा के प्रत्याशी जगदीश देवड़ा मैदान में हैं। भाजपा सरकार में मंत्री रहे देवड़ा को अपने कार्यकाल के विकास कार्यों और भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर भरोसा है। वे मतदाताओं को अपने परिवार का हिस्सा बताते हुए उनसे मिलने वाले समर्थन और सहयोग के लिए आशान्वित हैं। उनका विश्वास है कि क्षेत्र में कमल खिलेगा और प्रदेश की भाजपा सरकार के साथ मल्हारगढ़ विकास पथ पर आगे बढ़ेगा।

जगदीश देवड़ा विकास के संकल्प और जन जन की सेवा का ध्येय लेकर मतदाताओं का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि भाजपा की विजय सुनिश्चित है। उल्लेखनीय है कि मालवा में भाजपा प्रत्याशियों को मजबूती देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने आ चुके हैं। इस दौरान देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन की ऊर्जा प्रत्येक कार्यकर्ता के विजय संकल्प को और मजबूती प्रदान करेगी। निश्चित रूप से उनके नेतृत्व में मालवा और मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड विजय हासिल करेगी।

अपने सतत जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी जगदीश देवड़ा ने ग्राम बाबूखेड़ा, ढिकनिया, हरिपुरा में पहुंचकर मतदाताओं से आशीर्वाद लिया। उन्होंने मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पिपलिया मंडी में मंडी व्यापारी कमलेश रूपचंद के मुनीम के साथ हुई लूट की घटना को लेकर पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया सहित वरिष्ठ अधिकारियों से लगातार चर्चा की। पुलिस की नाकेबंदी और सक्रियता तथा आम लोगों की जागरूकता से बदमाशों की तत्काल घेराबंदी कर ली गई और बैग मिल गया। देवड़ा ने पुलिस और जागरूक नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही गंभीर मसले में व्यापारियों के सहयोग के प्रति भी धन्यवाद प्रकट किया। उन्होंने विधानसभा के ग्राम काचरिया चंद्रावत, चावली व उजागरिया, ग्राम थड़ोद और बोतलगंज, जोगीखेड़ा, सिखेड़ी व लसूड़ावन, ग्राम लदूसा और बाबरेचा, ग्राम बाग्या, मोरखेड़ा व छायन में पहुंचकर मतदाताओं से आशीर्वाद लिया। मल्हारगढ़ विधानसभा के ग्राम आंकली, पहेड़ा और मोल्याखेड़ी, ग्राम सूंठोद आदि में जनसंपर्क कर मतदाताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जन जन का स्नेह आशीर्वाद लेकर आपका जगदीश, क्षेत्र के और विकास और आमजन की बेहतरी के लिए कार्य करने के लिए संकल्पित हूं, प्रतिबद्ध है।



## महानगरों की तर्ज पर मंदसौर का विकास कर रही भाजपा सरकार-सिसोदिया

**मंदसौर, 6 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** महानगरों की तर्ज पर भगवान पशुपतिनाथ की पवित्र नगरी मंदसौर का विकास भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है। मंदसौर के राजाधिराज पशुपतिनाथ मंदिर परिसर को पवित्र नगरी का दर्जा दिया और अब पशुपतिनाथ लोक की परिकल्पना साकार होने जा रही है। शिवना नदी का शुद्धिकरण कार्य चल रहा है इसके साथ ही मंदसौर में बड़े-बडे ओवरब्रिज, चौड़ी सडके और विद्युत साज सज्जा से जगमग मार्ग बने हैं जो मंदसौर को महानगरों के बराबर लाकर खड़ा कर रहे हैं।

यह बात मंदसौर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने मंदसौर नगर में अपने जनसंपर्क की शुरुआत करते हुए कही। श्री सिसोदिया ने यश बालाजी मंदिर मैं भगवान बालाजी के दर्शन कर नगर में अपने जनसंपर्क अभियान का श्री गणेश भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया की उपस्थित में किया। पाटीदार छात्रावास, जनता कॉलोनी, बालाजी मंदिर, भाचावत शोरूम से मेन रोड होते हुए किटीयानी डुप्लेक्स, रियारजी, दुबेजी डॉ. सा. के सामने होते हुए बालाजी मंदिर वाला परिसर, बैंक कॉलोनी, नाहर सैयद रोड, सुविधा विहार, पटेल नगर, लक्ष्मी नगर, राम नगर, रितुराज नगर होते हुए अमर शांति वाटिका , महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा संजीत नाका, ताज मंसुरीजी की गली, हिम्मतजी जैन की गली, कोठारी नगर, गीता भवन रोड, भावसार नमकीन, बंटी पान चौराहा, निलेशजी जैन वाली गली, गुप्ता समोसा, सहकारी बाजार, कृषिपति बालाजी, शास्त्री कॉलोनी, पाटील कॉलोनी, सेठिया विहार, गोविंद नगर, जैन मंदिर, नरेशजी चंदवानी के घर के सामने दशरथ नगर होते हुए प्रताप कॉलोनी, कुमार कॉलोनी, होकर माल गोदाम रोड माथुर कॉलोनी में पंकज सेठिया के यहाँ तक जनसंपर्क किया। इस दौरान प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक बाबूलाल चौहान,प्रितेश चावला, नगर पालिका अध्यक्ष रमा देवी गुर्जर, चुनाव संयोजक नरेश चंदवानी, अजय सिंह चौहान, प्रकोष्ठ संयोजक विजय सुराणा, विनय दुबेला, पुलकित पटवा, मंडल अध्यक्ष गण अरविंद सारस्वत, अजय आसेरी, नपा उपाध्यक्ष नम्रता चावला , मंडल महामंत्री मयंक मावर, रॉकी यादव क्षेत्रीय पार्षद गण. अनिल मालवीय निर्मला चंदवानी ,निलेश जैन, ईश्वर सिंह चौहान सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता साथ थे।



## तेहरवीं पर रक्तवीरों का सम्मान किया

**मगराना, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** बूढा मे कुछ दिन पूर्व बूढा निवासी बुजुर्ग महिला एक हादसे का शिकार हुई थी। जिसके बाद उन्हें मंदसौर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। लगभग 5 दिन चले इलाज में उनको 6यूनिट ब्लड की आवश्यकता हुई। जिसमे क्षेत्र के रक्तदाताओं ने बढचढ हिस्सा लिया और बुजुर्ग माताजी की जान बचा सके मेहनत की।

किन्तु लगातार चले इलाज के बाद भी उनकी जान नही बचा सकें।सोमवार को पुत्र संजय सोनी द्वारा उनकी तेहरवीं पर गांव में सहभोज का आयोजन किया गया था। जिसमे रक्तदान करने वाले सजय सोनी मंदसौर,पुष्कर शर्मा सिंदपन,नीरज उप्पाध्याय मंदसौर, अतुल साहू मंदसौर,नरेंद्र पाटीदार नारायणगढ, चांदमल बड़ोदिया बूढ़ा,चंद्रशेखर बूढा,आदिल मेव मंदसौर का शाल श्री फल भेट कर सम्मान किया गया और आगे भी किसी मजबूर की सहायता करते रहे कामना की।

## नीमच : भाजपा और विकास एक दूसरे के पर्याय बन गए हैं : परिहार

**नीमच, 6 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** आओ मिलकर कमल खिलाएं के उद्घोष के साथ केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने नीमच विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी दिलीप सिंह परिहार के समर्थन में विगत दिनो जनसभा को संबोधित किया। पालसौड़ा में हुई इस सभा के दौरान तोमर ने विधानसभा के आशीर्वादाताओं से आने वाली 17 नवम्बर को कमल खिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज भाजपा और विकास एक दूसरे के पर्याय बन गए हैं। भाजपा की इसी पहचान को लेकर हमे जन-जन तक जाना है। जनता विकास की निरंतरता के लिए भाजपा के साथ है। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद सधीर गुप्ता, जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार, नपाध्यक्ष स्वाती चोपड़ा, राकेश भारद्वाज, संतोष चोपड़ा सहित मण्डल अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित थे।



भाजपा प्रत्याशी परिहार ने भाजपा शासनकाल में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि नवीन कृषि उपज मंडी जो 200 करोड की लागत से निर्मित हुई है, जिससे ट्रैफिक का लोड नहीं रहेगा। नीमच के हर-घर में जनसंपर्क के दौरान परिहार ने चौकन्ना बालाजी, बंगला नंबर 58, सिद्धिविनायक कालोनी सहित कृष्णा नगर के स्वजनों का स्नेहाशीष प्राप्त किया। उन्होंने जमुनिया कला, ग्राम हिंगोरिया में जनसंपर्क के दौरान घर घर पहुँच दस्तक देकर, भाजपा को जिताने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हिंगोरिया में भाजपा द्वारा 200 करोड के लागत का औद्योगिक क्षेत्र, पायलेट ट्रेनिंग सेंटर, फिल्टर प्लांट, केंद्रीय विद्यालय, डाक बंगला निर्माण सहित आगामी समय में रेलवे ओवरब्रिज की सौगात भी दी है। विकास का ये सिलसिला जारी है और आगे भी जारी रहेगा। जन आशीर्वाद की श्रृंखला में परिहार ग्राम बोरखेडी कला, पिपलिया चारण, मानपुर, सेदरिया, सेमली चंद्रावत, ढोलपुरा एवं पिपलिया हाढा आदि गांवों तक भी पहुंचे।



## लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत प्रतिशत करे मतदान -डॉ. हुसैन

**मंदसौर, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मतदाता जागरूकता को लेकर मंदसौर लायंस क्लब ने कल मंदसौर में हस्ताक्षर अभियान चलाया। वहा से गुजरने वाले लोगो ने बोर्ड और रजिस्टर पर दस्तखत कर मतदान का संकल्प लिया। जिला प्रशासन के मतदाता जागरूकता को लेकर जिलेभर में चल रही मुहीम को कल लायंस क्लब ने भी मंदसौर में आगे बढ़ाया। गाँधी चौराहा पर चली मुहीम के दौरान लायंस क्लब के पदाधिकारी और सदस्यों के साथ ही वहा से गुजरने वाले शहर के हर वर्ग ने अभियान को समर्थन दिया। किसी ने चौराहे पर लगे विशाल बोर्ड पर तो किसी ने रजिस्टर में दस्तखत कर मतदान का संकल्प लिया।

रिजनल चैयरमेन लायन विजय पलोड की विशेष उपस्थिति में चले इस अभियान के अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ मज़हर हुसैन ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के विशाल पर्व में शामिल चुनाव का पर्व हम सबके सामने है। इस पर्व में हम सभी अपने मताधिकार का उपयोग गंभीरता से करे और शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में योगदान दे। इस दौरान अभियान की जानकारी प्रोजेक्ट चेयरमैन गौरव रत्नावत ने दी।

## रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से किया जा रहा मतदाताओं को जागरूक

**मंदसौर, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिये महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत गांव गांव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। महिलाएं रंगोली बनाकर संदेश के रूप में हम सब वोट करेंगे, वोट देंगे। इस प्रकार के संदेश भी लिख रही है। यह कार्य महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य में मतदाताओं के द्वारा भी विशेष रूचि ली जा रही है। साथ ही सभी लोग आपस में जागृत हो रही रहे हैं, और अन्य लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं।





## सोजतिया ने ग्रामीणों क्षेत्रों में किया जनसंपर्क

**भानपुरा, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** गरोठ भानपुरा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष कुमार सोजतिया ने जनसंपर्क के अंतर्गत सोमवार 6 नवंबर को गरोठ क्षेत्र के ग्राम सेमली शंकर से पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क प्रारंभ किया। जिसमें कालबेलिया का डेरा, कोटडी आखा, नारिया, परासली, धतुरिया, ऐमदी, खईखेड़ा, परा, आकली दीवान, बरखेड़ा राठौर, खजूरी पंत, पालखंदा, बोलिया मे कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष कुमार सोजतिया के साथ एवं समर्थन में पूर्व सांसद सुश्री मीनाक्षी नटराजन ने जनसंपर्क किया। इस दौरान सुश्री मीनाक्षी नटराजन ने जनसंपर्क सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की कमलनाथ जी की सरकार बनते ही महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह दिए जायेंगे, 25 लाख तक का बीमारी इलाज सहायता राशि, गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा।

## ऑब्जर्वर जावले ने किया जिला कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण

**नीमच, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर श्री किशन नारायण राव जावले ने सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर नीमच में विधानसभा निर्वाचन-2023 केतहत स्थापित जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का निरीक्षण कर, शिकायतों के निराकरण का जायजा लिया। उन्होने शिकायत पंजी, नस्तियों का अवलोकन भी किया और आवश्यक निर्देश भी दिए। इस मौके पर संयुक्तय कलेक्टर श्री राजेश शाह, डिप्टीव कलेक्टरर सुश्री किरण आंजना भी उपस्थित थी। प्रेक्षक ने सी-विजील एप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों, निराकृत शिकायतों की जानकारी भी ली।



## ऑब्जर्वर जावले ने मीडिया सेंटर एवं एमसीएमसी कक्ष का किया निरीक्षण

**नीमच, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर श्री किशन नारायण राव जावले ने सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर नीमच में मीडिया सेन्टर एवं एम.सी.एम.सी.कक्ष का निरीक्षण किया और टीव्हीं चैनल निगरानी दल के कर्मचारियों को निर्देश दिए, कि वे टीव्ही. पर प्रसारित प्रत्येक खबर, विज्ञापन पर कडी निगरानी रखें और यदि कोई खबर रिपोर्ट, विशलेषण या विज्ञापन प्रसारित होता हैं, तो उसकी जानकारी विवरण दर्ज कर, नोडल अधिकारी को अवगत कराएं।

प्रेक्षक श्री जावले ने मीडिया सेन्टर, पेड न्यूज निगरानी व एमसीएमसी कक्ष में पदस्थ अमले को निर्देशित किया, कि वे निर्धारित समय पर प्रतिदिन उपस्थित होकर, अपना कार्य तत्परतापूर्वक सम्पादित करें। उन्होंने कहा, कि न्यूज चैनल मॉनिटरिंग के कार्य में किसी भी प्रकार की चूक ना हो, सभी प्रसारित खबरों की सतत निगरानी करें। प्रेक्षक ने समाचार कतरनों के सेट विज्ञापन प्रमाणन नस्ती् का अवलोकन किया तथा सोशल मीडिया पर मॉनिटरिंग कार्य का जायजा भी लिया। इस मौके पर संयुक्तर कलेक्टर श्री राजेश शाह, सहायक संचालक जनसम्पर्क श्री जगदीश मालवीय भी उपस्थित थे।

## नीमच जिला नो-फ्लाईग झोन घोषित

**नीमच, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी नीमच श्री दिनेश जैन,द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता- 1973 की धारा के अन्तर्गत सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित किए जाने के लिए हवाई पट्टी नीमच स्थित हेलीपेड एवं नीमच जिले में किसी भी प्रकार से UAV/DRONE को उडाना प्रतिबंधित कर नो-फ्लाइंग झोन घोषित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन करेगा तो, उसके विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता एवं अन्य प्रावधानों के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर, अभियोजन की कार्यवाही की जावेगी। यह आदेश तत्क्ल प्रभाव से प्रधानमंत्री जी के भ्रमण कार्यक्रम समाप्ति तक प्रभावशील होगा।



## प्रेक्षक श्रीमती विजयारानी ने जावद में दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान का लिया जायजा

**नीमच, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले में विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत दिव्यांगग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं को घर-घर मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। सोमवार को जिले में निर्धारित रूट अनुसार मतदान दलों के कर्मचारियों ने वरिष्ठ् एवं दिव्यांिग मतदाताओं के घर-घर जाकर मतदान प्रक्रिया सम्पन्नं करवाई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए नियुक्त जनरल ऑब्जर्वर श्रीमती जे.विजयारानी ने सोमवार को जावद क्षेत्र के सहित विभिन्न स्थानों जावद नगर, खोर दरवाजा, और डोरिया घाटी का भ्रमण कर, दिव्यांग एवं वरिष्ठे मतदाताओं द्वारा घर पर मतदान कराने की प्रकिया का जायजा लिया और मतदान दलों के कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। प्रेक्षक ने वरिष्ठ मतदाताओं से चर्चा भी की। प्रेक्षक श्रीमती विजयारानी ने जावद में पोस्टल बेलेट पेपर के लिए स्थापित फेसीलिटेशन सेंटर का अवलोकन कर जायजा लिया। इस मौके पर महाप्रबंधक उद्योग श्री ए.एस.मोरे, तहसीलदार श्री यशपाल मुजाल्दा व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

# दीपावली-प्रकाश का पर्व

**गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर**

**मंदसौर, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** हमारी प्राचीन प्रथाओं व अनुष्ठानों में गहरा ज्ञान और अंतदृर्ष्टि छिपी है। दिवाली हम कार्तिक माह में मनाते हैं। इस पूरे महीने लोग अपने घरों के सामने दीपक जलाते हैं; इसका एक कारण यह है कि पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध में कार्तिक मास, वर्ष के सबसे अंधेरे महीनों में से एक है। यह दक्षिणायन के अंत का प्रतीक है अर्थात जब सूर्य दक्षिण की ओर बढ्ता है तो रोशनी कम होती जाती है।

दीपक जलाने के पीछे एक और प्रतीक है। भगवान बुद्ध ने कहा है, 'अप्प दीपो भव'- स्वयं के लिए प्रकाश बनो। अंधकार को दूर करने के लिए एक दीपक पर्याप्त नहीं है। हर किसी को चमकना चाहिए। भगवान बुद्ध ने संघ क्यों बनाया? उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वे जानते थे कि कई व्यक्तियों में ज्ञान जगाने की आवश्यकता है। जब अधिक लोग जागृत होंगे तो इससे एक खुशहाल समाज का निर्माण होगा। जब वे कहते हैं, अपने लिए प्रकाश बनो, अपने आस-पास के सभी लोगों के लिए प्रकाश बनो, तो उसका अर्थ है कि ज्ञान में रहो, तथा सजगता और ज्ञान को अपने आस-पास के लोगों तक फैलाओ।

**काली चतुर्दशी की महिमा**-देश के कई हिस्सों में दिवाली को काली चौदस के रूप में भी मनाया जाता है। देवी काली की पूजा को समर्पित यह त्योहार रात्रि की भव्यता की सुंदर स्मृति दिलाता है। यदि रात न होती, अंधकार न होता, तो हम कभी भी अपने ब्रह्मांड की विशालता को नहीं जान पाते। हम कभी नहीं जान पाते कि अन्य ग्रह भी हैं। ऐसा प्रतीत हो सकता है कि हम दिन में अधिक देखते हैं, और रात में कम। लेकिन रात में जो हम देखते हैं वह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड है । जब हम अल्प वस्तुओं के लिए अपनी आँखें बंद कर लेते हैं, तो हम उन्हें किसी बड़ी वस्तु के लिए खोल देते हैं। यदि आप ध्यान दें, तो आपकी आंखों की पुतलियां कृष्ण रंग की हैं, इन्हें काली भी कहा जाता है। अगर हमारी आंखों में काली पुतली न हो तो हम कुछ भी नहीं देख पाएंगे, ठीक है?

माँ काली ज्ञान की प्रतीक हैं। वे ज्ञान की जननी हैं। वे कोई ऐसी देवी नहीं है जो अपनी जिह्वा बाहर निकालकर आपको डराने का प्रयत्न कर रही हो। यह सब मात्र चित्रण है। वे एक ऐसी ऊर्जा हैं जिसका वर्णन हम अपनी बुद्धि से नहीं कर सकते या समझ नहीं सकते। इसे केवल अनुभव किया जा सकता है। काली भगवान शिव के ऊपर भी खड़ी हैं। इसका क्या अर्थ है? शिव का अर्थ है अनंत मौन। जब हम शिव के अद्वैत गहन मौन का अनुभव करते हैं, तो हम समझते हैं कि यह हमारा अपना स्वरूप है। जहां हम स्वयं को उच्च ज्ञान के लिए खोलते है, वहां हम काली की ऊर्जा का अनुभव करते हैं।

**दिवाली और धन की देवी**-हम दिवाली पर धन की देवी, देवी लक्ष्मी का आह्वान करते हैं और उनका आशीर्वाद मांगते हैं। वे अपने साथ साहस व रोमांच की भावना लेकर आती हैं। आप जानते हैं, धन प्राप्त करने का विचार कई लोगों में रोमांच पैदा करता है। इसलिए धन की देवी का दूसरा संकेत रोमांच की भावना है। तीसरा लक्षण है सौन्दर्य और प्रकाश। वे एकांगी भक्ति पसंद करती हैं। इसे दर्शाती हुई एक सुंदर कहानी है। कहते हैं कि जब आदि शंकराचार्य केवल 8 वर्ष के थे, तब उन्होंने कनकधारा स्तोत्र की रचना की थी, जो एक बहुत ही लयबद्ध, शक्तिशाली और अर्थपूर्ण छंद है। कहानी यह है कि एक दिन आदि शंकराचार्य भिक्षा मांगने के लिए एक घर के बाहर खड़े थे। घर की महिला इतनी गरीब थी कि उसके पास चढ़ाने के लिए केवल एक करौंदा था। उसने उसे उनके कटोरे में रख दिया। ऐसा कहा जाता है कि उसकी भक्ति से प्रभावित होकर आदि शंकराचार्य ने लक्ष्मी देवी की स्तुति में कनकधारा स्तोत्र गाया और देवी ने घर में सुनहरे आंवलों की वर्षा की।



## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 937 | 1950 | 2370 |
| उडद | 130 | 6600 | 10325 |
| सोयाबीन | 5500 | 4501 | 5021 |
| गैहु | 4200 | 2480 | 3131 |
| चना | 220 | 5000 | 5811 |
| मसुर | 340290 | 5200 | 6111 |
| धनिया | 392 | 5441 | 7002 |
| लहसुन | 18000 | 6140 | 18050 |
| मैथी | 750 | 5000 | 6500 |
| अलसी | 2102 | 4201 | 5070 |
| सरसो | 651 | 4800 | 5300 |
| तारामीरा | 4 | 4854 | 4850 |
| इसबगोल | 25 | 10600 | 20600 |
| प्याज | 3600 | 520 | 3250 |
| कलोंजी | 30 | 9000 | 16000 |
| डॉलर | 35 | 7600 | 14351 |
| तिल्ली | 23 | 12000 | 16600 |
| मटरसुखी | 22 | 2019 | 2871 |
| असालीया | 40 | 8802 | 10750 |

# किसान के फिंगरप्रिंट नहीं आने पर ओटीपी से खाद प्रदान करें-कलेक्टर

## खाद वितरण केंद्रों पर किसानों के लिए छांव एवं पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो, कलेक्टर ने मंदसौर एवं दलौदा में खाद वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने खाद वितरण केंद्र मंदसौर मंडी, महाराणा प्रताप बस स्टैंड स्थित वितरण केंद्र एवं दलोदा मंडी वितरण केंद्र का औचक निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने निर्देश देते हुए कहा कि अगर किसी किसान के पीओएस मशीन पर फिंगरप्रिंट नहीं आते हैं, तो ऐसी स्थिति में किसान के मोबाइल पर भेजी हुई ओटीपी से खाद प्रदान करें। जिले के सभी खाद वितरण केंद्रों पर किसानों के लिए छांव की व्यवस्था एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। खाद वितरण के दौरान किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

वितरण केंद्र पर किसानों की लंबी लाइन को ध्यान में रखते हुए, सभी किसानों का नाम रजिस्टर में दर्ज करें एवं उन्हें टोकन नंबर प्रदान करें। जब किसान का टोकन नंबर आ जाए, उस समय किसान को मोबाइल से फोन कर



वितरण केंद्र पर बुलाए और खाद प्रदान करें। जिससे किसानों का समय बचेगा एवं किसानों को असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। मंदसौर मंडी में स्थित वितरण केंद्र पर एक अतिरिक्त काउंटर बढ़ाने के निर्देश कलेक्टर ने प्रदान किया। उन्होंने कहा कि एक कंप्यूटर भी लगाए एवं पीओएस मशीन भी बढ़ाई जाए। किसानों को सर्वर डाउन के अलावा अन्य किसी भी प्रकार की समस्या वितरण केंद्र पर नहीं होनी चाहिए। ऐसे किसान जिनकी चार पावती है। उनको एक ही दिन चारों पावती पर खाद वितरण किया जाए। किसान को बार-बार वितरण केंद्र पर आने की आवश्यकता नही है। वितरण केंद्रों पर स्टॉक पर्याप्त मात्रा में रखें। कलेक्टर ने खाद वितरण केंद्र पर उपस्थित किसानों से कहा कि जिले में खाद को लेकर किसी प्रकार की समस्या नहीं है। जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। किसानों को किसी प्रकार से चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। समय-समय पर जिले में खाद की रैक आ रही है।



## मप्र हाई कोर्ट में सात नए न्यायाधीशों ने ग्रहण किया पदभार

### अब तक जजों के कुल स्वीकृत 53 पदों में से 34 जज कार्यरत थे, सात नए जजों के आने से इनकी संख्या 41 हो गई

**जबलपुर, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में सोमवार को सात नए न्यायाधीशों को मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ ने सीजे कोर्ट में शपथ ग्रहण कराई। इसके साथ ही सातों ने पदभार संभाल लिया। इनमें दो अधिवक्ता व पांच न्यायिक अधिकारी शामिल हैं। नवागत न्यायमूर्ति विनय सराफ, विवेक जैन, राजेन्द्र कुमार वाणी, प्रमोद कुमार अग्रवाल, बिनोद कुमार द्विवेदी, देवनारायण मिश्रा और गजेंद्र सिंह के आने के साथ ही हाइकोर्ट में जजों की संख्या बढ़ गई है। अब तक जजों के कुल स्वीकृत 53 पदों में से 34 जज कार्यरत थे।

सात नए जजों के आने से इनकी संख्या 41 हो गई। इसके बाद भी 12 पद खाली रहेंगे। पिछले दिनों दूसरे हाई कोर्ट से तीन जज ट्रांसफर होकर आए थे। सोमवार को शपथ ग्रहण समारोह में महाधिवक्ता, स्टेट बार चेयरमैन, हाई कोर्ट व एडवोकेटस बार अध्ययक्ष, सीनियर एडवोकेटस कौंसिल अध्यक्ष, डिप्टी सालिसिटर जनरल व मुख्य न्यायाधीश ने नए न्यायाधीशों का व्यक्तित्व-कृतित्व रेखांकित किया। सातों ने अपने संबोधन में अपनी प्रगति के सूत्र बताए। जिनका सहयोग मिला उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। इस दौरान सभी न्यायाधीश मंचासीन रहे।

## आरोपी को थाना हाजरी का आदेश

**नीमच, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** जिला मजिस्ट्रेट नीमच श्री दिनेश जैन व्दाकरा राज्ये सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत अनावेदक मनीष पिता ओंकारलाल पोरवाल निवासी गायत्री मंदिर के पास रामपुरा रोड मनासा को सदाचार बनाये रखने के लिए 3 माह तक सप्तारह में एक दिन (थाना प्रभारी व्दारा निश्चित दिन) थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है।

## बुजुर्ग मतदाताओं का घर-घर जाकर किया जा रहा सम्मान

**मंदसौर, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए जिले में मतदाता जागरूकता गतिविधियां के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बुजुर्ग मतदाताओं का घर-घर जाकर सम्मान किया जा रहा है एवं उन्हे मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्हें मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। उनको बताया जा रहा है कि वह बिना लाईन में लगे मतदान कर सकते है उन्हे लाईन में लगने की आवश्यकता नहीं है। मतदान के माध्यम से जितनी अधिक मतदाता की भागीदारी होगी उतना ही लोकतंत्र मजबूत बनेगा तथा उपयुक्त अभ्यर्थी का चयन हो सकेगा। मतदाता जागरूकता गतिविधियों अन्तर्गत जिले के ग्रामो में मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। सभी मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाते हुए कहा कि 'हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह संकल्प लेते है कि अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेगे।



## निर्वाचन आयोग व्दारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करें

### मतदान दल के अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिया द्वितीय प्रशिक्षण

**मंदसौर, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन-2023 के अंतर्गत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र मे मतदान संपन्न कराये जाने हेतु मतदान दलों के लिये संलग्न अधिकारियों एवं कमर्चारियों का द्वितीय प्रशिक्षण जिला मुख्यालय के शासकीय महाविद्यालय एवं कुशाभाउ ठाकरे आटिडोरियम में जिले के मास्टर ट्रेनर्स एवं अन्य सहायक मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आगामी 17 नवम्बर को मतदान कराये जाने हेतु मतदान कर्मीयों को मतदान की प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक संचालन के लिये सभी प्रकार की बारिकियों से अवगत करया गया। मतदानकर्मी निर्वाचन की गंभीरता को समझते हुए सभी कर्मचारी निष्पक्षता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सभी मतदान दल कर्मियो को ईवीएम, व्ही.व्ही.पैट मशीन, वेलिट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट के संचालन की प्रक्रिया से अवगत कराया एवं मतदान से पूर्व मॉकपोल सम्पन्न कराने के बारे में भी विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में सभी विधानसभा क्षेत्र हेतु डाक मतपत्र के लिए फेसिलिटेशन सेंटर खोले गये है। जिसमें मतदान दलकर्मियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपना मतदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विशेष रूप से कहा की सभी आवश्यकतानुसार अपनी शंकाओं एवं समस्याओं का निराकरण कर लें। उन्होंने प्रशिक्षण में मतदान की प्रक्रिया हेतु सावधानियां एवं निर्वाचन संबंधी प्रपत्रों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

## ब्लास्टिंग एवं अन्य गतिविधियां प्रतिबंधित रहेगी

**नीमच, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नीमच सुश्री नेहा मीना ने बताया, कि प्रधानमंत्री जी भारत सरकार के 9 नवम्बंर 2023 को प्रस्तावित कार्यक्रम को दृष्टिगत रखकर, सुरक्षा एवं निर्धारित प्रोटोकाल अनुसार एयर स्ट्रीप नीमच एवं आसपास के 10 कि.मी. क्षेत्र में गौण खनिज तथा समस्त प्रकार की खदानों में ब्लास्टिंग एवं अन्य गतिविधियां प्रतिबंधित रहेगी। जिला खनिज अधिकारी नीमच को उक्त निर्देशों और भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत आदर्श आचार संहिता का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

## जाजू कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**नीमच, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मतदाता जागरूकता के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर किया जा रहे हैं, इसी कड़ी में सोमवार को श्री सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक नृत्य के माध्य म से मतदाता जागरूकता को लेकर प्रस्तुतियां दी। इस दौरान कार्यक्रम में कलेक्टर श्री दिनेश जैन द्वारा पहली बार मतदान करने वाली छात्राओं को मतदान करने संबंधी निमंत्रण पत्र भी वितरित किये। जाजू कॉलेज प्राचार्य श्री एन.के.डबकरा ने बताया, कि स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जिसमें विभिन्न स्कूल कॉलेज में छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता पोस्टर प्रतियोगिता मेहंदी प्रतियोगिता बैनर प्रतियोगिता दीवार लेखन प्रतियोगिता सहित मतदाता जागरूकता को लेकर कई गतिविधियां आयोजित की गई है। इसी कार्यक्रम में आगामी 17 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर भी जागरूक किया गया है और छात्राओं से अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक मतदान करवाए। कार्यक्रम के दौरान पूर्व में हुई गतिविधियों के प्रमाण पत्र भी छात्राओं को वितरित किए गए हैं। इस दौरान कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ गुरुप्रसाद, एसडीम डॉ.ममता खेड़े, जाजू कॉलेज स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित थी।

## प्रो. प्रकाश सोलंकी पीएचडी उपाधि से अलंकृत

**सीतामऊ, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** डॉ.रघुवीर सिंह शासकीय महाविद्यालय सीतामऊ, जिला मंदसौर में रसायन शास्त्र विभाग में सहायक अध्यापक के पद पर



कार्यरत प्रो. प्रकाश सोलंकी को डॉ अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी, इंदौर द्वारा आइसोलेशन एंड कैरेक्टराइजेशन ऑफ बायोएक्टिव कंपाउंड फ्रॉम टिनोस्पोरा कॉर्डिफ़ोलिया (गिलोय) एंड बकोपा मोनिएरी( ब्राह्मी) में पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। शोध कार्य में दोनों पौधों में एंटीमाइक्रोबॉयल एक्टिविटी एवं फाइटोकेमिकल एनालिसिस किया गया। गिलोय के पौधे में 72 बायो एक्टिव कंपाउंड का आईडेंटिफिकेशन तथा बकोपा मनेरी में 68 कंपाउंड का आइडेंटिफिकेशन किया गया। इस पूरी प्रक्रिया में टीएलसी, एचपीएलसी, एफटीआईआर तथा जिसीएमएस विधि का उपयोग किया गया। शोध कार्य से यह पता चला कि दोनों ही पौधे औषधि गुना से परिपूर्ण है तथा इनका मानव जीवन में औषधि के रूप में बहुत अधिक महत्व है। इस उपलक्ष्य पर पिता श्री पंडित सोलंकी, माता श्रीमती हीराबाई सोलंकी एवं समस्त परिवार सदस्यों, गुरुजनों द्वारा बधाई दी गई।



## विश्व हिंदू दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति संगठन पथ संचलन निकाला

**नाहरगढ़, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** विश्व.हिन्दू परिषद दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति संगठन द्वारा शहर में सोमवार, दोपहर, एक बजे नगर पथ संचलन आरम्भ हुवा, उद्बोधन के बाद बैंड की सुमधुर धुन से तथा ढोल साथ पथ संचलन की शुरुआत हुई। पूर गणवेश में श्वेत परिधान तथा केसरिया दुपट्टा डाले वाहिनी की बहनें कतारबद्ध हाथों में भगवा ध्वज लेकर उत्साह के साथ कदमताल मिलाकर आगे बढ़ रही थी। अनुशासन और शौर्य का अभूतपूर्व नजारा दिख रहा था। नगर के वासियों ने आत्मियता के साथ पथ चलन का स्वागत किया। पथ संचलन स्थानीय नगर के अंबिका गार्डन से आरंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो बिल्लोद रोड, खेड़ी मोहल्ला, हरिजन मोहल्ला, पंचतीर्थी चोक, सदर बाजार, अन्नपूर्णा चोक, बस स्टैंड होते हुए गार्डन आकर समाप्त हुवा। संचलन में मुख्य वक्ता श्री अर्जुन गहलोत प्रांत सहसंयोजक बजरंग दल, वंदना दीदी जिला शक्ति साधना केंद्र प्रमुख, खुशी दीदी, दीपिका दीदी, कविता दीदी, बड़ी सख्या में बहने संचलन, उपस्थित रही, विश्व हिंदू परिषद से प्रखंड अध्यक्ष राजमल सोनी, प्रखंड मंत्री बंटी व्यास, प्रखंड संयोजक महेश सेन, प्रखंड अन्य कार्यकर्ता व्यवस्था में उपस्थित रहे।

## खुशी चौहान का राज्य स्तरीय बास्केट बॉल प्रतियोगिता में चयन

**मंदसौर, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** विद्यालय के खेल प्रशिक्षक (बास्केटबॉल कोच) जयविजयसिंह सिसौदिया ने बताया कि दशपुर



विद्यालय की छात्रा खुशी चौहान पिता सुरेश चौहान कक्षा 10वीं की छात्रा का संभाग स्तरीय बास्केट बॉल प्रतियोगिता मेंउत्कृष्टप्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 06 नवंबर 2023 से 09 नवम्बर 2023 तक शहडोल म.प्र. में आयोजित की जावेगी। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक प्राचार्य प्रिंसवी थॉमस, सुपरवाईजर हाकिम प्रसाद शर्मा, खेल प्रशिक्षक देवेन्द्र बैरागी, आकाश गाजवा, नवीन खोखर, नवम देवकोटा, भरतसिंह आदि ने बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## नारायणसिंह शक्तावत का निधन

**पिपलियामंडी, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** गाँव बरखेडा जयसिंह में राजपूत समाज के वरिष्ठनारायणसिंह शक्तावत का 60 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम यात्रा में समाजजनों व गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की मुक्तिधाम पर पुत्र गोरधनसिंह व नरेन्द्रसिंह ने मुखाग्नि दी। मल्हारगढ सीट से निर्दलीय उम्मीदवार श्यामलाल जोकचंद्र ने भी उनके निवास पहुँच संवेदना जताई।

## नोडल अधिकारी निर्वाचन दायित्वों का तत्परतापूर्वक समय-सीमा में निर्वहन करें-जैन

**नीमच, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत नियुक्त सभी नोडल अधिकारी सौपें गये निर्वाचन दायित्वों का तत्परतापूर्वक समय-सीमा में निर्वहन करें। आपसी संवाद समन्वय से बेहतर कार्य करें। निर्वाचन दायित्वों को पूरी गम्भीरता से लें। यह निर्देश कलेक्टर एंव जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने सोमवार की शाम को कलेक्टोंरेट सभाकक्ष नीमच में सभी नोडल अधिकारियों को सौपे गये निर्वाचन दायित्वों के निर्वहन की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में एडीएम सुश्री नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने स्वीप गतिविधियों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए, कि अब मतदाता जागरूकता गतिविधियों को बढाने की आवश्यकता है। डोर-टू-डोर, स्वीप गतिविधियां बढाई जाए। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने मतदान केन्द्रों पर ए.एम.एफ.सुविधाओं की उपलब्धता, मतदान दलों के लिए केन्द्रों पर आवश्यक प्रबंध, भोजन, नाश्ते व बेड रोल की व्यवस्थाए, मतदान केन्द्रों पर फर्नीचर व्यवस्था, मतदान सामग्री



वितरण व्यवस्था, डाक मतपत्रों को विशेष वाहक से अन्य जिलो में भिजवाने की व्यवस्था, फेसीलीटेशन सेन्ट र की स्थापना, सामग्री प्रबंध, प्रशिक्षण कार्यक्रम, शिकायत निवारण, मीडिया मॉनीटरिंग, कम्युनीकेशन प्लान, मतदाता पर्ची वितरण, परिवहन व्यवस्था आदि बिन्दु ओं पर अबतक की गई कार्यवाही की समीक्षा की और नोडल अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश शाह, व मास्टर ट्रेनर डॉ.राजेश पाटीदार व सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।




## मतदान हेतु दिलाई शपथ

**गरोठ, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** अनुविभागीय अधिकारी निर्वाचन रविन्द्र जी परमार के निर्देशानुसार एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वीरेंद्र जी मेहता, जनपद पंचायत सी.ई.ओ धर्मेन्द्र जी यादव के मार्गदर्शन में महिला बाल विकास अधिकारी रीना झींजोरिया द्वारा समस्त जनपद पंचायत कर्मचारी एवं नगर परिषद् कर्मचारियों द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप अंतर्गत मतदान हेतु फोटो लिए गए, नारे लगवाये गए एवं शपथ ली गयी, जिसमें मतदाता जागरूकता का सन्देश दिया गया एवं मतदान अवश्य करें बताया गया।

## प. उमाशंकर चक्रवर्ती स्मृति संगीत समारोह संपन्न



**मंदसौर, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** गुरु शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए गुरु स्मृति में नृत्य नाद निकुंज संस्थान द्वारा प. उमाशंकर चक्रवर्ती स्मृति संगीत समारोह का आयोजन अमरशांति वाटिका मंदसौर में किया गया। जिसमें दिल्ली से पधारे प्रसिद्ध वायलिन वादक प. संतोष नाहर ने राग किरवानी में विलम्बित तीन ताल और द्रुत तीन ताल की बंदिशों से सुधी श्रोताओं का मन जीत लिया वहीं अजमेर से पधारे प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक प. आनन्द वैद्य ने राग मारू बिहाग में विलंबित एकताल एवं द्रुत तीनताल की बंदिश के साथ ही राग रागेश्री से अपने गायन का समापन किया। संगत कलाकारों के रूप में तबले पर श्री निशांत शर्मा हारमोनियम पर श्री अतुल कुमार साकेत एवं तानपुरे पर प्रिय दिपेश और राहुल ने संगत की।

दोनों विद्वान कलाकारों ने मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुतियां दी। साथ ही नृत्य नाद निकुंज की छात्राओं द्वारा श्रीमती सन्नाली शर्मा के निर्देशन में मन को मोहने वाली प्रस्तुतियां दी गई। इन सभी प्रस्तुतियों में तबला संगत श्री नयन चौहान ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजीव मेहता एवं श्री रामकृष्ण वैष्णव ( वरिष्ठ संगीतज्ञ एवं साधक, नाहरगढ) उपस्थित रहे।

### ✻ उठावना ✻

कांग्रेस नेता स्वर्गीय श्री नाथूलाल कामराज जी की धर्मपत्नी एवं महेश एवं स्व सुरेश की माताजी हितेश संदीप सनी सवर्ग सोनू की दादी जी श्रीमती जानी बाई का निधन 5 नवंबर को हो गया है जिनका उठावना 7 नवंबर 2023 को दोपहर 11:45 बजे कुमावत धर्मशाला रामटेकरी रखा गया है।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
कामराज परिवार

## मतदाता सूचना पर्ची मतदान की तारीख से कम से कम 5 दिन पहले होगी वितरीत

**मंदसौर, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** मतदाताओं को उनके मतदान केंद्र में मतदाता सूची की क्रम संख्या, मतदान की तारीख, समय आदि जानने में सुविधा प्रदान करने के लिए 'मतदाता सूचना पर्ची' जारी की जाएगी। मतदाता सूचना पर्ची में क्यूआर कोड के साथ मतदान केंद्र, तिथि, समय आदि जैसी जानकारी शामिल होगी, लेकिन मतदाता की तस्वीर नहीं होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी नामांकित मतदाताओं को मतदान की तारीख से कम से कम 5 दिन पहले मतदाता सूचना पर्चियाँ वितरित की जाएंगी। हालाकि मतदाता सूचना पर्ची को पहचान प्रमाण के रूप में अनुमति नहीं दी जाएगी।

## शासकीय आरवी कालेज मनासा में नशे को ना कहे, नशा मुक्ति कार्यशाला संपन्न




**मनासा, 6 नवम्बर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय मनासा में 'नशे को ना कहे' नशा मुक्ति कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता सशस्त्र सेवा बल के सेकंड इन कमांड पराग जी चतुर्वेदी ने युवाओं में बढ़ रही ड्रग्स, नशे की आदत, नशे- व्यापार एवं उसके परिवार और स्वास्थ्य पर पढ़ रहे शारीरिक एवं आर्थिक प्रभाव को विस्तार से बताया। वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न ड्रग्स अफीम चरस गांजा भांग हीरोइन के दुष्प्रभाव विद्यार्थियों के सामने प्रस्तुत की एवं विभिन्न गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर मुंह,पेट को विद्यार्थियों के सामने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एम.एल. धाकड, सशस्त्र सेवा बल के सेकंड इन कमांड पराग जी चतुर्वेदी, एनएसएस जिला संगठक प्रो.अरुण कुमार चौरसिया, रासेयों कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर आशा पटेल, डॉक्टर स्मिता रावत मुकेश मालवीय सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं बडी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय विद्यार्थी उपस्थित रहें।

एजेंसी देना है
शामगढ़, मल्हारगढ़ व धुधड़का में
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
की एक और एजेन्सी देना है। इच्छुक व्यक्ति दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक संपर्क करें।
9425105927, 28 -07422-495831
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
15, नपा मार्केट, नयापुरा रोड़, मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in